हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 रक्षाबंधन का त्योहार आज, बहनें पूरा दिन बांध सकेंगी...



07 ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने निकाला...



खबर संक्षेप

ताला तोड़कर बदमाश ले गए नकदी सहित जेवर

नर्मदापुरम। शहर के अग्रवाल एग्जॉटिका कॉलोनी में बदमाशों ने बुधवार की दरमियानी एक घर से नगदी और जेवर चुरा ले गए। वहीं इटारसी थाना अंतर्गत कृष्ण विहार कॉलोनी से भी जेवर और नगर चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार अग्रवाल एग्जॉटिका कॉलोनी नर्मदा पुरम में डॉक्टर अंकित डेरिया के यहां रात में दरवाजे में लगा ताला तोड़कर 8 हजार रुपए और पुरानी इस्तेमाल कान की बाली चुरा कर चोर रफू चक्कर हो गए । वहीं इटारसी में विगत दिवस फरियादी राहुल कृष्णा विहार के यहां से सोने चांदी के जेवरात और नगदी 15 हजार बदमाश उड़ा ले गए थे । अब पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

शनिवार को खुलेंगे जिला उप पंजीयक कार्यालय

नर्मदापुरम। आमजन की सुविधा को देखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शुक्रवार 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। इस कारण पंजीयन कार्य बाधित न हो, इसके लिए शनिवार अवकाश दिवस को जिला मुख्यालय स्थित समस्त उप पंजीयक कार्यालयों को पंजीयन कार्य हेतु खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

वर्षों बाद नक्षत्रों का संयोग, शुभमुहुर्त में होगा 'रक्षा का बंधन'

रक्षाबंधन का पर्व आज, बाजार में जम कर हो रही खरीदारी, प्रशासन मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रावण मास की पूर्णिमा पर सेठानी घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं को भीड़ उमड़ेगी और इसके बाद राखी का सिलसिला शुरू हो जाएगा । पहले अपने भाइयों की कलाई पर रखी सजाएंगी और उनकी दीर्घायु होने की कामना करेंगी। रक्षाबंधन इस बार बेहद दुर्लभ और शुभ संयोग लेकर आ रहा है। वर्षों बाद ऐसा अवसर आया है जब रक्षाबंधन पर न तो भद्रा की काली छाया रहेगी और न ही कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण का साया। सूर्य और गुरु अपनी उच्च राशियों में विराजमान होकर इस दिन को और भी फलदायी बना रहे हैं। रक्षाबंधन पर मंदिरों में भी पूजा पाठ सहितअन्य कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।राखी के चलते शहर के इंदिरा चौक, सराफा बाजार, सतरस्ता, और हलवाई चौक , मेन मार्केट सहित शहर भर में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बहनें भाइयों के लिए राखी खरीद रही है वहीं भाई भी बहन के लिए गिफ्ट आइटम लेते दिखे। वहीं पवित्र श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षाबंधन का पावन पर्व इस बार बेहद दुर्लभ और शुभ संयोग लेकर आ रहा है। वर्षों बाद ऐसा अवसर आया है।

रक्षाबंधन पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बहने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधेंगी।



प्रशासन मुस्तैद

नकली मिठाइयों की जांच प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन के चलते नकली मिठाइयों के चलते चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं । जगह-जगह खाद्य विभाग के अधिकारी मिठाई दुकान के सैंपल चेक कर रहे हैं उन्हें प्रयोगशाला भेजा जा रहा है । इसके साथ ही नकली मावा सहित अन्य सामान की भी जांच जोरों पर है।

नर्मदा जल में विसर्गित होंगी कजलियां

श्रावण मास के दौरान घरों में बोए गए गेहूं-जौ के जवारे , कजलिया को सुहागिन महिलाएं और बालिकाएं टोकरियों में सजाकर मां नर्मदा के घाटों पर लेकर पहुंचेंगी। सेठानी घाट, विवेकानंद घाट और कोरी घाट पर शाम को विशेष चहल-पहल रहेगी। महिलाएं पारंपरिक लोकगीत गाते हुए नर्मदा के पावन जल में कजलिया का पूजन और विसर्जन करेंगी। शहर में सभी समाजों द्वारा कजलिया पर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

बाजारों में उमड़ी भीड़, खरीदारी शुरू

शहर के इंदिरा चौक, सराफा बाजार, सतरस्ता, और हलवाई चौक में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रेशमी और फैंसी धागों से लेकर चांदी की राखियों की मांग चरम पर है। सराफा में चांदी की राखी सहित फैंसी राखियां खरीदी जा रही है। वहीं कपड़े की भी जमकर खरीदारी हो रही है ।मिठाई की दुकानों पर घेवर, ताजी मिठाइयों और पारंपरिक पकवानों का स्टॉक तैयार किया गया है।

घाटों पर तैनात होम गार्ड के जवान

सेठानी घाट सहित विभिन्न घाटों पर पर्व की पूर्व संध्या से ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रक्षाबंधन के दिन हजारों श्रद्धालु नर्मदा स्नान कर रक्षासूत्र का पूजन करेंगे। प्रशासन व पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की है। घाटों पर गोताखोरों की टीम तैनात की गई है और बैरिकेडिंग की गई है। रक्षाबंधन पर बहनों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात है।

3 आरोपी हिरासत में, सीन री-क्रिएशन के बाद साक्ष्य बरामद

पचमढ़ी में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में 17 वर्षीय किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। कोर्ट ले जाने के दौरान स्थानीय लोगों का भारी आक्रोश देखने को मिला, जहां उग्र भीड़ ने पुलिस वाहन रोककर आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग की।

एक दिन की पुलिस रिमांड के दौरान बुधवार सुबह पुलिस टीम आरोपियों को घटनास्थल पर ले गई। वहां वारदात का सीन री-क्रिएशन कराया गया। झाड़ियों से आरोपियों के कपड़े और वह रस्सी बरामद की गई, जिससे वारदात के वक्त पीड़िता के साथी को जिप्सी में बांधा गया था। अपराध में प्रयुक्त जिप्सी भी जब्त कर ली गई है।

बुधवार को जब पुलिस तीनों को पिपरिया कोर्ट ले जा रही थी, तब पचमढ़ी में गुस्साई भीड़ ने पुलिस वाहन का घेराव कर लिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आरोपियों को वाहन से उतारकर कुछ दूर पैदल ले जाना पड़ा। तीनों जेल दाखिल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पिपरिया अदालत ने सुनवाई के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेजने का आदेश दिया। तीनों आरोपी मूलतः बनखेड़ी क्षेत्र के हैं। हरिओम कुशवाहा वर्तमान निवासी नालंदा टोला, जो गैर-पंजीकृत जिप्सी चलाता था, पवन बंसल और अभिषेक वंशकार होटल कर्मी है।

टैक्सी चालक संघ ने जताया विरोध

टैक्सी चालक संघ ने घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए दरिंदों को कठोरतम सजा देने की मांग की। यूनियन अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि आरोपियों का संघ से कोई संबंध नहीं है और न ही प्रयुक्त जिप्सी यूनियन में रजिस्टर्ड थी। उन्होंने कहा कि इस घिनौने कृत्य से पर्यटन नगरी पचमढ़ी की छवि को ठेस पहुंची है।

इनका कहना है...

पुलिस वाहन रोकने और हंगामे का वीडियो सामने आया है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया जाएगा।

अभिषेक राजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम

प्रि-समागम श्रावणी उपाकर्म एवं ब्रह्मकर्म महोत्सव मना

अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा शंकर ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में विप्र समागम, श्रावणी उपाकर्म एवं ब्रह्मकर्म महोत्सव का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस परम पावन अवसर पर सेठानी घाट स्थित विंध्याचल शेड में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन हो रहा है। रामायण पाठशुक्रवार को श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगा। सेठानी घाट पर प्रायश्चित, संकल्प एवं दशविधि स्नान के पश्चात विंध्याचल शेड में सप्तऋषियों का विधिवत पूजन किया जाएगा।

इसके उपरांत श्रावणी उपाकर्म एवं ब्रह्मकर्म की धार्मिक विधियां संपन्न होंगी। समिति द्वारा सभी विप्रजनों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस दिव्य एवं पावन आयोजन में सम्मिलित होकर धर्मलाभ एवं पुण्यलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

जिला सहकारी बैंक पर निविदा आमंत्रण में गड़बड़ी के आरोप

चुनिंदा वेंडरों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से निकाली गई कंप्यूटर एवं प्रिंटर खरीदी निविदा विवादों के घेरे में आ गई है। निविदा प्रक्रिया में मध्य प्रदेश भंडार क्रय नियमों और केंद्र सरकार की खरीद नीतियों की अनदेखी कर चुनिंदा वेंडरों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक को शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में उठाए गए मुख्य बिंदु व अनियमितताएं सुरक्षा निधि का अभाव है । निविदा में नियमों के विपरीत 3 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति/सुरक्षा निधि की कोई शर्त नहीं रखी गई, जो कि म.प्र. शासन भंडार क्रय नियम और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का सीधा उल्लंघन है।

फर्जी अनुमोदन से पीएसी बिड बैंक प्रशासक व कलेक्टर की बैठक में बिना किसी निर्णय के एप्सन पासबुक प्रिंटर के लिए पीएसी बिड तैयार की गई और मनमाने तरीके से गलत अनुमोदन संख्या दर्ज कर दी गई।'मेक इन इंडिया' नीति की अनदेखी शून्य प्रतिशत स्थानीय सामग्री वाले गैर-मेक इन इंडिया उत्पाद को प्राथमिकता दी गई, जिससे घरेलू निर्माताओं को सीधे तौर पर बाहर कर दिया गया।

अनावश्यक व संदिग्ध शर्तें बैंक में टीसीएस द्वारा पहले से सीबीएस आधारित एंटीवायरस दिए जाने के बावजूद बिड में एंटीवायरस ओईएम के म.प्र. में 5 साल पुराने कार्यालय की गैर-जरूरी शर्त जोड़ी गई सामग्री सप्लाई के टेंडर में 15 लाख रुपये के वार्षिक रखरखाव का अनुभव मांगा गया। वहीं एक ही श्रेणी के प्रिंटर के लिए 1 वर्ष और 3 वर्ष की अलग-अलग वारंटी शर्तें दर्ज की गईं।

प्रशासक बैठक के निर्णयों की अवहेलना बैंक समिति द्वारा पूर्व में 'टॉप 3 ब्रांड' तय किए जाने के बावजूद बिड में 'टॉप 5 ब्रांड' कर दिया गया और नियमों के विपरीत वेंडर-अनुकूल नियम व शर्तें अपलोड की गईं।

निविदा निरस्त करने और कार्रवाई की मांग फर्म 'वसंत सेल्स एंड सर्विसेज' द्वारा प्रस्तुत इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पूरी निविदा प्रक्रिया एक विशेष वेंडर सिंडिकेट को फायदा पहुंचाने और जाने-माने ब्रांड्स को अयोग्य करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

सांसद दर्शन सिंह ने शिक्षा से जुड़े विषयों पर की सार्थक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसदीय सौंध, नई दिल्ली में आयोजित शिक्षा समिति की बैठक में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सम्मिलित होकर देश में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख बनाने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की।

बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीक के उपयोग, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल आधारित शिक्षा तथा शिक्षा को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार हमारी युवा शक्ति है, जिसे गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना आवश्यक है।

कार्रवाई : डीजल की डिस्पेंसिंग यूनिट में गड़बड़ी पाए जाने पर नोजल किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में पेट्रोल पम्पों की सघन जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट माखननगर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी माखननगर की संयुक्त टीम द्वारा जयंती पेट्रोल पम्प, बम्होरी कलां, तहसील माखननगर (नर्मदापुरम ग्रामीण) का औचक निरीक्षण किया गया।

जांच दल द्वारा मौके पर पेट्रोल पंप के स्टॉक का मिलान, वाटर पेस्ट से पानी की जांच, 5 लीटर के कैलिब्रेटेड जार से माप की जांच तथा पेट्रोल एवं डीजल की डेनसिटी की जांच की गई।



जांच के दौरान डीजल की डिस्पेंसिंग यूनिट का नोजल 2 बंद पाया गया। इस संबंध में पंप के प्रोवराइटर रामबाबू अग्रवाल द्वारा बताया गया कि नोजल 2 की 14 अगस्त 2026 से कोई डिलेवरी एवं टेस्टिंग नहीं की गई है। जबकि नियमानुसार पंप संचालक को प्रतिदिन अपने सभी नोजलों की टेस्टिंग करना अनिवार्य है।

जांच में डीएसएसआर रजिस्टर में भी जानकारी अद्यतन नहीं पाई गई। संदेह होने पर दल द्वारा नोजल 2 की 5 लीटर कैलिब्रेटेड जार से जांच की गई। पहली बार मशीन में 5 लीटर सेट करने पर जार में 5 लीटर से कम डीजल प्राप्त हुआ। इस कारण प्रक्रिया दोबारा दोहराई गई, जिसमें क्रमशः 5.01 लीटर और 5.02 लीटर डिलेवरी प्रदर्शित हुई। माप में स्पष्ट गड़बड़ी पाए जाने पर मौके पर ही तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट माखननगर द्वारा डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट के नोजल नंबर 2 को सील करने की कार्रवाई की गई।

रक्षाबंधन पर जेल में खुली मुलाकात के दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार इस वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त 2026 को जेल में निरुद्ध बंदियों की उनके परिजनों से खुली मुलाकात कराई जाएगी। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी भाई-बहन के पवित्र त्योहार पर यह व्यवस्था की गई है।

जेल प्रशासन ने परिजनों से अपील की है कि मुलाकात के दौरान किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सहयोग करें।

जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि खुली मुलाकात के लिए दिशा-निर्देश अनुसार नाम दर्ज कराने का समयः खुली मुलाकात के लिए नाम दर्ज कराने का समय सुबह 07:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रहेगा। परिजनों से अनुरोध है कि समय पर पहुंचकर आधार कार्ड के माध्यम से अपना नाम दर्ज कराएं। पुरुष बंदियों से मुलाकातः पुरुष बंदियों की खुली मुलाकात जेल के कार्यालय परिसर में (लाल गेट एवं मुख्य गेट के मध्य) कराई जाएगी। इस परिसर में केवल महिलाओं (बहनों) और उनके साथ आए 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। महिला बंदियों से मुलाकातः जेल में निरुद्ध महिला बंदियों की उनके भाइयों से खुली मुलाकात जेल कार्यालय में पृथक से कराई जाएगी।

खाद्य पदार्थों की सघन जांच, 126 नमूने लिए 3 ब्रांड के घी असुरक्षित पाए गए, हुए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार त्योहारों के दृष्टिगत दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विगत एक माह में जिले की स्थानीय दुकानों, एजेंसियों, बसों एवं अन्य परिवहन साधनों का सघन एवं औचक निरीक्षण किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी.एस. धाकड़, जितेंद्र सिंह राणा एवं कमलेश एस. दियावार द्वारा की गई कार्रवाई में संदेह के आधार पर जिलेभर से घी, मिठाई, सोनपापड़ी, रसगुल्ला, बेसन, सोयाबीन तेल एवं



नमकीन सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 126 नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम प्रकरण प्रस्तावित किए जा रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा निरीक्षण के दौरान जनहित में बड़ी मात्रा में संदिग्ध खाद्य पदार्थ जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान 1,426 किलोग्राम घी, जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 30 हजार रुपये, तथा 42 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपये, जब्त किया गया।

इसी क्रम में कटियार बस से 650 किलोग्राम खोया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये है, भी जब्त किया गया।

कलेक्टर ने छात्राओं से बंधवाई राखी, उपहार भी किए भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रक्षा सूत्र कार्यक्रम के तहत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गर्ल्स स्कूल पहुंचकर स्कूली छात्राओं के साथ रक्षाबंधन का पर्व आत्मीयता और स्नेह के साथ मनाया। इस दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कलेक्टर श्री मिश्रा की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने भी सभी छात्राओं को उपहार भेंट कर स्नेहाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बारी-बारी से कलेक्टर श्री मिश्रा की कलाई पर राखी बांधी।



इस दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से सहज संवाद करते हुए उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, पढ़ाई एवं विद्यालय में संचालित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की और आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

जिले में अब तक 631.5 मिमी वर्षा हुई दर्ज

सावन माह में जमकर बरस रहे मेघ, त्यौहारों के बीच रिमझिम बारिश का आंनद ले रहे लोग, किसानों के चेहरे भी खिले उठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में इन दिनों सावन की झड़ी चल रही है।गुरुवार को दिनभर आसमान पर काली घटा छाई रही । सुबह से ही कभी फुहार , कभी रिमझिम तो कभी झमाझम का दौर चलता रहा।

तेज हवा के साथ बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग का कहना है इसी प्रकार आगे भी बारिश का दौर जारी रहेगा। बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट आ रही है। शहर में अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। अब तक शहर में 26 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी। पिछले कुछ दिनों से शहर शायद आसपास के क्षेत्र में



बारिश का दौर लगातार जारी है। बारिश होने से नर्मदा नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। वहीं तवा डैम सहित अन्य डैम में पानी लबालब भर गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आगे भी इस प्रकार की बारिश जारी रहेगी। इसके साथ ही प्रशासन भी अलर्ट है और बारिश पर नजर बनाए हुए हैं।

किसानों के चेहरों पर लौटी रौनक

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार बारिश होने से धान और सोयाबीन की फसल को फायदा हो गया है, इससे किसान खुश है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश होने से फसल को फायदा पहुंचा है और खेतों में नमी बनी रहने से फसल अच्छी होने की संभावना थी है। धान लगने के बाद से बारिश नहीं हुई थी लेकिन अब लगातार बारिश से किसानों की चिंता दूर हुई है।

जिले में अब तक 653.7 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में अब तक 653.7मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1085.9 मिमी औसत वर्षा हुई थी। 26 अगस्त से 27 अगस्त 2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 10.8 मिमी, सिवनीमालवा में 21.0 मिमी, इटारसी 24.2 मिमी, माखननगर में 3.0 मिमी, सोहागपुर में 4.0 मिमी, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढी में 14.0 एवं तहसील डोलरिया 12.2मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

कन्या शिक्षा परिसर में राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, पवारखेड़ा में ओजस यूथ क्लब के अंतर्गत ड्रॉइंग एवं राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। वहीं, राखी निर्माण प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंग-बिरंगी एवं मनमोहक राखियां तैयार कर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में कला एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति रुचि एवं लगाव विकसित करना रहा।

खबर संक्षेप

दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

बैतूल। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक 16 वर्षीय छात्रा और 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। भवानी वार्ड में मोबाइल चार्जर लगाते समय छात्रा करंट की चपेट में आ गई, जबकि गोराखार में एक महिला का शव कुएं में मिला। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। भवानी वार्ड निवासी वेदिका पिता संजय गायकवाड़ (16) कक्षा 10वीं की छात्रा थी। गुरुवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच वह घर में मोबाइल का चार्जर बिजली के बोर्ड में लगा रही थी। इसी दौरान उसे करंट लग गया और वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने वेदिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के गोराखार में भी एक महिला की मौत का मामला सामने आया। यहां 60 वर्षीय रामकली पति लक्ष्मण खातरकर का शव कुएं में मिला। बताया गया कि रामकली मानसिक रूप से कमजोर थीं और बुधवार दोपहर करीब 2 बजे घर से निकली थीं। देर रात उनका शव कुएं में मिलने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

ब्रह्माकुमारी केंद्र में रक्षाबंधन व स्नेह मिलन समारोह



भौंरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग भवन भौंरा में रक्षाबंधन व स्नेह मिलन समारोह आध्यात्मिक भाईचारे के बीच आयोजित किया। ब्रह्माकुमारी दीदियो ने उपस्थित भाई-बहनों को पवित्रता का रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाया और मुख मीठा कराया। इस दौरान आत्मिक प्रेम, सुख-शांति और श्रेष्ठ संस्कारों का संदेश दिया गया। बैतूल से आई संस्थान की राजयोगिनी बीके मंजू दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन आत्मा और परमात्मा के अटूट प्रेम का पावन पर्व है, परमात्मा से प्राप्त पवित्रता का रक्षा सूत्र जीवन को विकारों से बचाकर सुख, शांति और शक्ति से भरता है। राजयोगिनी बीके अरुणा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में बाहरी सुरक्षा के साथ आंतरिक सुरक्षा भी जरूरी है। डॉ.संजय पाटनकर ने कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारी संस्थान नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और नशामुक्त जीवन के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है।

धूमधाम से आज मनाया जाएगा पर्व, राखी से सजा पूरा बाजार

रक्षाबंधन का त्योहार आज, बहनें पूरा दिन बांध सकेंगी भाईयों को राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आज जिलेभर में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। इस इस बार रक्षाबंधन पर बहनों को राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 28 अगस्त शुक्रवार को मनाए जा रहे रक्षाबंधन पर दिनभर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेंगी। वैसे रक्षाबंधन को लेकर गुरूवार भी बाजारों में भारी भीड़ रही। जगह-जगह राखी की दुकानें लगी थी। भाईयों को राखी बांधने के लिए बहनों ने खरीदी की। इससे बाजारों में भीड़ दिखने को मिली और बाजार भी गुलजार हो गये है। कोठीबाजार, गंज क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर करीब दो सैकड़ा से अधिक स्थानों पर राखी की दुकानें लगी हुई है।

दुकानों पर बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां आई है, जो आकर्षण का भी केन्द्र बनी हुई है। इसके अलावा बड़ों के लिए भी कई वैरायटी की राखियां दुकानों में उपलब्ध है। शहर के राखी व्यापारी शिव, मनीष ने बताया कि रेशम की धागों और मेटल की राखियां बहनों की पहली पसंद बन गई है। वहीं, कार्टून वाली राखियों में डोरेमोन, छोटा भीम, मोटू- पतलू, स्पाइडर-मैन, सुपर मैन, शक्तिमान, हेलीकॉप्टर, डिजिटल घड़ी सहित रुद्राक्ष और अन्य किरदार की राखियां की भरमार है और यह राखियां बच्चों की पहली पसंद बनकर उभर रही है। इन राखियों की शुरुआत कीमत 20 रुपए से लेकर 150 और 200 रुपए तक है।



बाजारों में रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर बांधने के लिए रक्षासूत्र खरीदे, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को मनपसंद उपहार भेंट करने के लिए जमकर खरीदी की। आज रक्षाबंधन है और इस दिन बहनें भाइयों का राखी यानी रक्षासूत्र बांधती है। इसे लेकर गुरूवार शहर के बाजारों में ग्राहकों की खासी भीड़ देखी गई। रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र कोठी बाजार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। प्रमुख रूप से कोठी बाजार के सीमेंट रोड, लल्ली चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालित करने के लिए व्यवस्था बनाई गई। इसके अलावा कई पाइंट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर खरीददारी के लिए बाजारों में ग्राहक की भीड़ होने के कारण किसी तरह की अव्यवस्था न हो या कोई घटना न घटे इसको लेकर ये इंतजाम किए गए है।

इस साल नहीं रहेगा भद्रा का साया

पिछले कुछ वर्षों से रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहता रहा है। भद्राकाल में राखी बांधना निषेध होने से बहनों को राखी बांधने समय की पाबंदी रहती थी। इस साल श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त गुरुवार को सुबह 9.08 बजे से अगस्त शुक्रवार सुबह 9.48 बजे तक है। सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि 28 अगस्त को होने से रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त को मनाया जा रहा है। इस साल भद्राकाल 27 अगस्त को सुबह 9.08 बजे से रात्रि 9.32 तक ही है। जिससे गुरुवार को पूर्णिमा तिथि लगने के बावजूद राखी नहीं बांध सकते हैं। 28 अगस्त को चन्द्रग्रहण भी है, लेकिन यह भारत में नहीं दिखाई देगा, जिससे इसका सूतक भी नहीं लगेगा और बहने 28 अगस्त को दिन भर राखी बांध सकती हैं।

20 प्रतिशत बढ़े राखी के दाम

पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 20 प्रतिशत तक राखी महंगी हुई है। पिछले वर्ष जो राखी 10 से 20 रुपए बिक रहीं थी, इस बार वहीं राखियां 30-50 रुपए तक में बिक रही है। राखी के अलावा नारियल, कपड़ा, सराफा सहित अन्य सामग्री के दामों में भी वृद्धि हुई। चांदी महंगी होने से इस बार इसकी राखी भी महंगी है। ज्वेलर्स ने बताया कि चांदी के भाव में वृद्धि होने से डिजाइन वाली राखियों के दामों में बढ़ोतरी की गई है। कम वजनी राखियों को आकर्षक ढंग से बनाया गया है। जिससे कि ग्राहकों को बजट के हिसाब से राखी मिल सके। राखी के बाद ही एक के बाद एक त्योहार आते हैं, ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि महंगाई आगे भी जारी रहेगी।

शहर में सजी 200 से अधिक राखी की दुकानें

शहर के मुख्य चौक सहित मेन मार्केट में करीब 200 से अधिक छोटी-बड़ी राखी की दुकानें लगी है। महंगाई बढने से राखियां सहित चूड़े, रूमाल, शृंगार सामग्री के भाव में वृद्धि हुई है। राखी व्यापारी शिव बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार स्टॉक कम किया है। ग्राहकों को जो सबसे अधिक पसंद है, ऐसी राखियों की ही खरीदी की है। जिससे कि उन्हें कम कीमत में अच्छी वस्तु उपलब्ध कराई जा सके। जिसमें 10 से लेकर 350 रुपए तक की राखियां की कई वैरायटी रखी गई है। बच्चों की सभी पसंदीदा कार्टून राखी भी बाजार में उपलब्ध है।

अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को चार माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रदेश सहित जिले की शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। इसका असर बैतूल जिले की अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षक-कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। लंबे समय से वेतन का इंतजार कर रहे कर्मचारियों के सामने अब परिवार का खर्च चलाने की समस्या खडी हो गई है। इसके साथ ही शिक्षकों और कर्मचारियों को उधार लेकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

कर्मचारियों और शिक्षकों को उधार लेकर मनाना पड़ेगा रक्षाबंधन त्यौहार

सरकार नहीं दे रही ध्यान

अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थान के जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि लगभग चार माह से वेतन नहीं मिला है। लंबे समय वेतन के लिए शिक्षक इंतजार कर रहे हैं और उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। श्री ठाकुर ने बताया कि वेतन जारी कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरे किए जाने के बावजूद हर बार किसी ना किसी स्तर पर नई प्रक्रिया या औपचारिकता सामने आ जाती है जिसके चलते भुगतान लगातार लंबित होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात की है लेकिन व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ। संगठन ने प्रदेश स्तर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को भी ज्ञापन सौंपा है। लेकिन अभी तक सिर्फ शिक्षकों को आश्वासन ही मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वेतन की प्रक्रिया प्राथमिक आधार पर रखी जानी चाहिए क्योंकि इससे शिक्षकों के जीवन यापन का मामला जुड़ा है। अभी त्यौहार भी सामने हे लेकिन ना

उधार लेकर मनाना पडेगा त्यौहार

शिक्षक-कर्मचारियों ने बताया कि जिले में करीब 20 अनुदान प्राप्त संस्थाएं हैं और लगभग आधा सैकडा शिक्षक और कर्मचारी है जिनको वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई, चिकित्सा, बैंक की किस्त, मकान किराया और रोजमर्रा के घरेलू खर्च पूरे करना मुश्किल हो रहा है। रक्षाबंधन जैसे त्योहार के समय भी वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक परेशानी और बढ़ गई।

चार महीने से नहीं मिला वेतन

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अनुसार चार महीने से वेतन भुगतान लंबित है। बताया जा रहा है कि जिलों से वस्तुनिष्ठ परीक्षण प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण वेतन भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। हालांकि आवश्यक जानकारी भेजे जाने के बाद भी लोक शिक्षण संचालनालय स्तर से वेतन जारी नहीं होने की बात कही जा रही है। बैतूल जिले में संचालित अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षक और कर्मचारी भी वेतन जारी होने की राह देख रहे हैं। चार माह से भुगतान लंबित रहने के कारण कर्मचारियों पर आर्थिक दबाव लगातार बढ रहा है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि नियमित रूप से सेवाएं देने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलना गंभीर समस्या है।

वेतन जारी करने की मांग

शिक्षक संगठन ने शासन से मांग की है कि रक्षाबंधन को देखते हुए लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराया जाए और आगामी महीनों के लिए बजट आवंटन भी समय पर जारी किया जाए, ताकि शिक्षक-कर्मचारियों को बार-बार वेतन के लिए इंतजार न करना पडे।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मीशो कस्टमर केयर के नाम पर साइबर फ्रॉड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान कस्टमर केयर नंबर की तलाश बैतूल के एक व्यक्ति को महंगी पड़ गई। मीशो से खरीदी गई सामग्री वापस करने के लिए इंटरनेट पर मिले कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क करने के बाद बैतूल निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1 लाख 1 हजार 990 रुपए की ठगी हुई। इस साइबर ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। घटना 17 फरवरी 2026 की है। चुनालोमा निवासी अतिथि शिक्षक रहे 42 वर्षीय दिव्यांग बाकेबिहारी गोहे ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मीशो ऐप से खरीदी गई वस्तु वापस करने के लिए इंटरनेट पर कस्टमर केयर नंबर खोजा था। उस नंबर पर संपर्क करने के बाद आरोपी ने उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक एपीके फाइल भेजी। बताया गया है कि मोबाइल में एपीके फाइल खोलते ही आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल का एक्सेस प्राप्त कर लिया। इसके बाद यूपीआई के जरिए खाते से 1,01,990 रुपए का लेनदेन कर लिया गया। शिकायत मिलने के बाद



कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर सेल की सहायता से पुलिस ने लेनदेन और तकनीकी साक्ष्यों को जोड़ते हुए आरोपी की पहचान मोहम्मद आशिफ के तौर पर की। पुलिस टीम बुधवार को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के ग्राम हसनपुर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने साइबर ठगी की वारदात को स्वीकार किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक आईफोन 11 प्रो मोबाइल और 25 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की कि कस्टमर केयर नंबर केवल संबंधित कंपनी के आधिकारिक ऐप या वेबसाइट से ही प्राप्त करें, न कि इंटरनेट पर उपलब्ध किसी भी नंबर से।

ऐसे हुई थी ठगी

अतिथि शिक्षक रहे दिव्यांग बांके बिहारी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी के लिए करीब 156 रुपए की सामग्री मीशो ऐप के जरिए बुलवाई थी। यह सामान जब घर पहुंचा तो बुलवाया सामान उनके ऑर्डर के मुताबिक नहीं था। उन्होंने कंपनी से इसकी शिकायत की थी। इस बीच सामान वापस लेने आए डिलीवरी बॉय ने सामान वापस नहीं लिया तब उन्होंने गूगल से मीशो का कस्टमर केयर नंबर सर्च कर काल की। कुछ देर बाद एक नंबर से काल आया, बताया गया कि वे कस्टमर केयर से बोल रहे हैं उनकी रकम वापस कर दी जाएगी। फोन काल पर व्यक्ति ने उन्हें भेजी गई एक अपेक फाइल डाउनलोड करने को कहा। जिसे उन्होंने डाउनलोड भी कर लिया। कॉलर ने उनसे जब उनका एटीएमकार्ड के फोटो खींचकर मांगा तब उन्हें शक हुआ कि वे ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने खाता चैक किया तो रकम खाते से निकाली जा चुकी थी। उन्होंने इसकी शिकायत 1930 और कोतवाली में की थी।

पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने नगरीय प्रशासन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

घटिया सड़क निर्माण और कचरा पृथक्करण मशीन की खरीदी में अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई के विवेकानंद वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने मुलताई दौरे पर आए नगरीय प्रशासन आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर नगर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं कायाकल्प योजना के तहत किए गए सडक़ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा कचरा पृथक्करण मशीन की खरीदी में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है। पार्षद ने ज्ञापन के माध्यम से संबंधित ठेकेदारों, तकनीकी अधिकारियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोष पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में सीमेंट-कंक्रीट सडक़ों का निर्माण कराया गया है। हालांकि, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पार्षद के अनुसार, कई



स्थानों पर सडक़ निर्माण के कुछ समय बाद ही सडक़ की सतह उखडने और क्षतिग्रस्त होने की स्थिति सामने आने लगी है।

निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल-पार्षद ने ज्ञापन में कहा कि लाखों रुपये की लागत से निर्मित सडक़ों का निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण नहीं होने के कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य में ठेकेदार की कथित लापरवाही तथा तकनीकी अधिकारियों की निगरानी में कमी का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की तकनीकी जांच कराने की मांग की।

उन्होंने कहा कि यदि सडक़ों के निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन किया गया है तो जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, वहीं यदि निर्माण में अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन में नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई कचरा पृथक्करण मशीन का मामला भी उठाया गया है।

ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने नगरीय प्रशासन आयुक्त से मांग की है कि नगर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं कायाकल्प योजना के तहत निर्मित सीमेंट सडकों की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाए। इसके साथ ही कचरा पृथक्करण मशीन की खरीदी से जुड़े दस्तावेजों, लागत, निविदा प्रक्रिया और भुगतान की जांच कराई जाए। उन्होंने मांग की कि जांच में यदि ठेकेदार, तकनीकी अधिकारियों अथवा नगर पालिका के किसी जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही, अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। पार्षद ने कहा कि जनता के पैसों से होने वाले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। विकास कार्य लंबे समय तक उपयोगी रहें और सरकारी राशि का सही उपयोग हो, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा नियमित निगरानी और जिम्मेदारी तय किया जाना जरूरी है।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

शक्कर, पेट्रोल, बिजली बिल और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर जताया विरोध किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और टोकन व्यवस्था बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की लगातार बढ़ती कीमतों और कथित रूप से बेलगाम होती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को नगर में विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने रैली निकालकर केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली नगर के फव्वारा चौक से प्रारंभ हुई और जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शक्कर, ई-20 पेट्रोल, बिजली के बढ़ते बिल, रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों सहित आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

महंगाई से घरेलू बजट प्रभावित होने का आरोप,शक्कर की कीमत नियंत्रित करने की मांग- रैली में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती कीमतों के कारण गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और आम उपभोक्ता आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। महंगाई का सीधा असर परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से आम जनता को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस द्वारा राज्यपाल के नाम सौंपे गए



ज्ञापन में कहा गया कि शक्कर जैसी दैनिक आवश्यकता की वस्तु की बढ़ती कीमतों से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस ने शक्कर की कीमतों को नियंत्रित करने, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की मांग की। **ई-20 पेट्रोल को लेकर भी उठाए सवाल,बिजली के बढ़ते बिलों पर जताई नाराजगी**- कांग्रेस ने ई-20 पेट्रोल की कीमत और इसके उपयोग को लेकर भी सरकार से स्पष्ट नीति बनाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वाहन चालकों के बीच ई-20 पेट्रोल को लेकर विभिन्न समस्याओं और आशंकाओं को दूर करने के लिए इसकी गुणवत्ता, कीमत और वाहनों पर पडने वाले संभावित प्रभावों के संबंध में उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने बिजली के बढ़ते बिलों को लेकर भी विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली दरों और बिलों की समीक्षा करने तथा अनावश्यक अथवा अधिक बिल आने की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की। रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है।

किसानों को खाद उपलब्ध कराने और टोकन व्यवस्था बंद करने की मांग

कांग्रेस ने किसानों से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद आसानी से उपलब्ध कराने तथा खाद वितरण में लागू टोकन व्यवस्था को बंद करने की मांग की गई। इसके साथ ही केबल एवं मोटर चोरी की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग भी प्रशासन से की गई। कांग्रेस नेताओं ने रेत के बढ़ते दामों को भी जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए सरकार और संबंधित विभागों से इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि निर्माण कार्यों सहित आम लोगों पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम करने के लिए रेत की कीमतों पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है।

तहसील कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

रैली के तहसील कार्यालय पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महंगाई पर नियंत्रण, आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में राहत तथा आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, ब्लॉक प्रभारी संजय यादव, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित शिवहरे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश यादव सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, जिला महासचिव किशोर सिंह परिहार, कमल सोनी, नितेश साहू, जीवन डोंगरदिये, अनिल पंडागे, नारायण ठाकुर, रामराव खासदेव, भोजराज रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आदतन अपराधी राहुल रैकवार को किया जिला बदर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने आदतन अपराधी राहुल रैकवार को जिला बदर किया है। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर ने राहुल रैकवार पिता दीपक रैकवार उम्र 25 निवासी मेहतर मोहल्ला बैतूल को जिला बैतूल एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले छिंदवाड़ा, नर्मदा पुरम, खंडवा एवं हरदा की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित किया है।



खबर संक्षेप

सांस्कृतिक मंच ने किया श्रद्धालुओं का सम्मान

सीहोर। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण परम पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में मंगलवार को सीहोर में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा में मध्यप्रदेश सहित देश-विदेश से हजारों की संख्या में शिवभक्त सीहोर पहुंचे और भगवान शिव की भक्ति में सराबोर नजर आए। नगर की धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही मंच की ओर से श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था कर प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया। इस अवसर पर मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी का भी सम्मान किया गया। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि कावड़ यात्रा में देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का आगमन सीहोर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है।
श्रद्धालुओं की सेवा एवं स्वागत करना संस्था के लिए सौभाग्य की बात है।सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, समाजसेवी एवं संयोजक नरेंद्र गोस्वामी, देवेश अग्रवाल, चेतन राय, राकेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, नितेश गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला सह प्रशिक्षण का किया आयोजन

सीहोर। नगर परिषद सभाकक्ष, रेहटी, जिला सीहोर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में रेवा सेवा समागम नर्मदा संवाद की जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

गर्भवती महिलाओं को भी पैदल केंद्र तक जाने में होती है परेशानी, ग्राम पंचायत खामोश

घनी झाड़ियां व कच्चे रास्ते से आंगनबाड़ी जाने को विवश तेलसिर के नौनिहाल

इन दिनों जिले की विकासखण्डों में प्रशासन की अनदेखी के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। तेलसिर में दूर दराज बनी आंगनवाड़ी का रास्ता तकलीफ देह बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ब्लॉक के ग्राम तेलसिर का आंगनवाड़ी गांव से दूर है और पहुंच मार्ग कच्चा एवं अत्यधिक झाड़ी युक्त है। जिसके कारण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को केंद्र जाने में परेशानी होती है। ग्राम पंचायत सुधार भी नहीं कर रही है। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव का आंगनवाड़ी केंद्र लगभग 150 मीटर दूर है, तथा राह कच्ची है। बरसात में रास्ते में कीचड़ है तथा बड़ी-बड़ी झाड़ियां हो गई हैं। जिनमें जहरीले जीव जंतु होने की संभावना बनी रहती है। केंद्र के चारों ओर भी पूरी तरह से घनी झाड़ियां व्याप्त हैं। जिसके कारण अभिभावक अपने छोटे बच्चों को केंद्र भेजने से डरते हैं तथा इन दिनों केंद्र पर बच्चों की संख्या बहुत कम है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव कोमल पटेल से कई बार रास्ते से झाड़ी साफ करवाने की एवं ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर पक्का रास्ता केंद्र तक बनवाने की बात कही गई है। लेकिन ग्राम पंचायत सचिव ध्यान नहीं देते हैं। वहीं सरपंची पर क्षेत्र के दबंगों का प्रभाव है और वे भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते ग्रामीण परेशान हैं।

सुविधा से वंचित महिलाएं

उल्लेखनीय है कि गर्भवती महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने, टीकाकरण कराने तथा समय-समय पर दवाई लेने आंगनबाड़ी केंद्र तक आना-जाना पड़ता है। लेकिन बरसात के दिनों में गर्भवती महिलाओं का केंद्र तक जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अत्यधिक कीचड़ के कारण उनके साथ फिसलने या चोटिल होने की संभावना बढ़ जाती है। अतः गर्भवती महिलाएं केंद्र तक नहीं जा पाती हैं। ग्रामीणों ने रास्ता बनवाने एवं झाड़ियां रास्ते व केंद्र से झाड़ी हटवाने की मांग अब सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से की है।

पिपरिया विख में 10 साल बाद भी अधूरे पड़े 12-12 लाख के पंचायत भवन, सिर्फ रंग-रोगन कर इतिश्र, CEO बोले- जल्द होगी कार्रवाई

पिपरिया । जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर शासकीय राशि के दुरुपयोग और गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत समनापुर और सिंगोड़ी में लगभग 10 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुए पंचायत भवन आज भी बदहाली और अनियमितता की भेंट चढ़े हुए हैं।

समनापुरः 2.50 लाख की रिकवरी नोटिस के बाद भी वसूली शून्य

ग्राम पंचायत समनापुर में मनरेगा योजना के तहत लगभग 12 लाख की लागत से पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया गया था। जांच में अनियमितता पाए जाने पर शासन द्वारा तत्कालीन सरपंच और सचिव को लगभग 2.50 लाख जमा करने का रिकवरी नोटिस जारी किया गया था।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिला पंचायत कार्यालय और सामाजिक न्याय विभाग में सरपंच, सचिव व समन्वयक अधिकारी की कई पेशियाँ हो चुकी हैं, लेकिन साल में केवल एक-आध पेशी होने के कारण मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। हाल ही में काम पूरा करने का नोटिस मिलने पर जिम्मेदारों ने भवन के सामने सिर्फ पुताई कराकर काम चालू होने का दिखावा कर दिया, जबकि भवन आज भी बंद पड़ा है।

इनका कहना है

मामला संज्ञान में आया है। पंचायत भवनों के निर्माण में हुई अनियमितताओं और लंबित वसूली की समीक्षा कर शीघ्र ही नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।
हिमांशु जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत, नर्मदापुरम)

सिंगोड़ीः 12 लाख का भवन गायब, सिर्फ अवशेष बाकी

इसी तरह ग्राम पंचायत सिंगोड़ी (सिंगोड़ा) में भी 12 लाख की लागत से पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था। लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते आज स्थिति यह है कि धरातल पर भवन के नाम पर केवल जर्जर अवशेष ही नजर आते हैं।

प्रशासनिक ढिलाई पर उठ रहे सवाल

विगत 10 वर्षों में जिला और जनपद पंचायत मुख्यालय पर कई सीईओ बदले, लेकिन किसी ने भी इस वित्तीय अनियमितता पर ठोस कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि आपसी सांठ-गांठ के चलते राशि की वसूली और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई को अटकाया जा रहा है।

सराफा में पकड़ाई आभूषण गायब करने वाली 2 महिला




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हाट बाजार के दिन गुरुवार को सराफा बाजार में आभूषण गायब करने वाली दो महिलाएं पकड़ी गई हैं। व्यापारी संघ सोहागपुर ने महिलाओं को पुलिस को सौंपा है। मामले में पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल तथा भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि गुरुवार दोपहर रामशंकर सोनी की दुकान पर दो महिलाएं गड़बड़ी करती हुई पकड़ी गई हैं। चार महिलाएं मौके पर उपस्थित थीं। सभी ने सोने की अंगूठी देखने की मांग की सर्राफा व्यापारी से की। व्यापारी ने अंगूठी बॉक्स डब्बा दिया। जिसमें से एक अंगूठी महिलाओं ने गायब कर दी तथा उसके स्थान पर नकली अंगूठी रख दी। यह गड़बड़ी व्यापारी ने पकड़ी एवं पुत्रों को सूचना दी। इस दौरान दो महिलाएं भाग गईं, जबकि दो महिलाओं को दुकान पर रोककर पुलिस तथा व्यापारी संघ को सूचना दी गई। संघ पदाधिकारी दुकान पहुंचे व महिलाओं को पुलिस को सौंपा। मामले में पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर बाजार क्षेत्र में लंबे समय से महिलाओं का एक गिरोह सक्रिय होने की सूचना मिलती रही है। दुकानों से सामान गायब करने का काम गिरोह लंबे समय से करते आ रहा है।

रक्षा बंधन पर्व आज, तीन शुभ मुहूर्त में बंधेंगे रक्षासूत्र



सोहागपुर। आज रक्षाबंधन है व तीन मुहुर्तों में बहनें भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधेगीं। क्षेत्रीय विप्र आचार्य पं. विनीत शर्मा ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा 27 अगस्त सुबह 9:08 बजे से शुरू होकर 28 अगस्त सुबह 9:48 बजे तक रहेगी। उदयतिथि अनुसार रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को होगा। जिसमें राहुकाल दिन में 11:05 से दोपहर 12:40 तक है।

ये होंगें शुभ मुहूर्त

आचार्य पं. विनीत शर्मा के अनुसार राखी बांधने का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 6:23 से 9:48 बजे तक है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:14 से दोपहर 1:05 बजे तक होगा। जबकि गोधूलि मुहूर्त शाम 6:57 से शाम 7:19 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि चौघड़िया मुहूर्त में लाभ काल सुबह 7:57 से 9:31 बजे तक, अमृत काल सुबह 9:31 से 11:05 बजे तक, शुभ काल दोपहर 12:40 से 2:14 बजे तक, चर काल शाम 5:22 से 6:57 बजे तक तथा लाभ काल रात्रि 09:48 से 11:14 तक होगा। पं. शर्मा ने कहा कि 28 अगस्त को चंद्र ग्रहण सुबह 6:55 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा, लेकिन भारत में इसका प्रभाव नहीं है।

बारिश में कीचड़ और गड्ढों से 1100 ग्रामीण परेशान, 25 साल से सड़क का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नागपुरकला नई बस्ती के करीब 1100 ग्रामीण पिछले 20 से 25 वर्षों से सड़क बनने का इंतजार कर रहे हैं। गांव की मुख्य एप्रोच रोड बदहाल होने से ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। बारिश में सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाता है और कीचड़ होने से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क नागपुरकला नई बस्ती को पांडरी, माहोला, नानूपुरा और डोब सहित आसपास के गांवों से जोड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के डिफेंस एरिया से संबंधित अनुमति नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण का काम लंबे समय से अटका हुआ है।

वर्क ऑर्डर हुआ अनुमति का इंतजार

गांव के सरपंच नितुल उईके ने बताया कि सड़क निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से अनुमति मिलने के बाद सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क निर्माण के आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीण शैलेंद्र चौरे ने बताया कि वे बचपन से सड़क को इसी हालत में देख रहे हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बारिश में पानी और कीचड़ के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

पानी की समस्या बरकरार

ग्रामीण संजय भैंसारे ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना के तहत सड़क के बीच गड्ढे खोदकर पाइपलाइन डाली गई, लेकिन योजना का लाभ नियमित रूप से नहीं मिल रहा है। कई जगह नलों से पानी की जगह हवा आने की शिकायत है। वहीं आंगनबाड़ी भवन के आसपास भी कीचड़ और गंदगी होने से बच्चों को परेशानी हो रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने सुनी समस्याएं

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप दुबे गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सड़क करीब 20-25 साल से नहीं बनी है। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के महाप्रबंधक से चर्चा कर सड़क निर्माण की अनुमति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। नल-जल योजना की समस्या को लेकर केसला जनपद सीईओ से भी चर्चा करने की बात कही। ग्रामीणों ने अब आश्वासन नहीं, सड़क का काम शुरू कराने की मांग की है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जय नारायण, परते, पंकज साहू ,बिल्लू रावत, राजकुमार काकोड़िया दीपू काकोड़िया शैलेंद्र चौरे रविंद्र मोदघड़े गोपाल भैसारे संजय भैसारे राजा बाबू तुलसी श्याम लाल विन्दसाडे सुरेश गुजरे बालू निकाम विनोद पाल बबलू मेहरा महेश प्रजापति महेश उइके राजू काकोड़िया जितेंद्र साहू गोविंद आर्यन चौरे अभी उइके अमर शिकदार राकेश मालवीय करन शंभू मेहरा बाबू उइके राजेंद्र इब्ने मनीष आम्रवंशी उमेश उइके विमला मालवीय रूपवती काकोड़िया रामधर मनीराम दीपक अजय मनोज महेश नारे संदीप विजय शंकर, सोनू मन्हारे आदि ग्रामीण वासी उपस्थित थे।

खेलों से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का संदेश

नर्मदापुरम। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में 27 अगस्त को क्रीड़ा विभाग एवं रासेयो के संयुक्त तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद—खेलों की बात पीएम मोदी के साथ' युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं एवं खिलाड़ियों के साथ संवाद का लाइव प्रसारण किया गया। उन्होंने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए स्वस्थ, अनुशासित और खेलोन्मुख राष्ट्र निर्माण तथा वर्ष 2036 में भारत में ओलंपिक खेलों के आयोजन के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मुस्लिम समाज ने ईद मिलादुन्नबी पर बुधवार को जुलूस निकाला। सुबह मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों से निकाले गए जुलूस बिहारी चौक पर एकत्रित हुए। जहां से मुख्य जुलूस आगे बढ़ा। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नागरिक व युवाजन उपस्थित थे। जुलूस दोपहर 12 बजे के बाद पुराने थाने के पीछे रानी लक्ष्मी मंच के समीप पहुंचा, जहां जुलूस का समापन किया गया। क्षेत्रवासियों ने मुस्लिम समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

जुलूस का विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह अभिनंदन किया। बिहारी चौक से आगे बढ़ने पर जुलूस का शरबत, मिष्ठान व पेयजल के साथ स्वागत किया गया। श्रीराम चौक पर कांग्रेस की ओर से स्वागत के लिए काउंटर लगाया गया था। जहां फल एवं जल वितरण किया गया। मुस्लिम समाज ने प्रशासन सहित अभिनंदन करने वाले संगठनों तथा आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के नागरिक सम्मिलित हुए।



मुस्लिम समुदाय ने भेंट किया उपकरण

पिपरिया। मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद मिलाद-उन-नबी के पावन पर्व पर जनहित को ध्यान में रखते हुए। मल्टी पैरा मशीन को अस्पताल के वीएम ओ राजकुमार पटेल को भेंटकर मुबारक बाद भी दी गई। मरीजों को फल वितरित किए गए। तथा घरों में खीर का वितरण किया गया। पिपरिया मुस्लिम समुदाय की अंजुमन इस्लामिया कमेटी के इमरान अब्दुल्ला फहीम अब्दुल्ला शेख सलीम खान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत दीपसिंह छाबड़ा अलका होटल के संचालक गुरदीप सिंह मल्होत्रा सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार अस्पताल में भर्ती मरीजों की हृदय गति,रक्त संचार , आक्सीजन समेत जरुरत मंदों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। इस दौरान पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय ने बताया कि अस्पताल की आवश्यकता को पूरा करने हेतु मुस्लिम समुदाय मददगार साबित होगा।

बहाल हुई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में विधि पाठ्यक्रमों की संबद्धता, विद्यार्थियों ने जताया आभार

नर्मदापुरम। विधायक डा सीतासरन शर्मा के अथक प्रयासों से नर्मदापुरम स्थित शासकीय नर्मदा पीजी महाविद्यालय को बीसीआई की अनुशंसा के बाद एलएलबी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के साथ बीए एलएलबी (एच) की मान्यता प्रदान करने के आदेश जारी हो गए हैं। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल ने शासकीय नर्मदा पीजी कॉलेज, नर्मदापुरम में संचालित विधि पाठ्यक्रमों की सत्र 2025-26 एवं 2026-27 के लिए अस्थाई संबद्धता की निरंतरता प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में विधायक डा सीतासरन शर्मा ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के साथ ही आयुक्त उच्च शिक्षा एवं प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा से लगातार चर्चा करते हुए पत्राचार किया था, जिसके बाद सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक एवं छात्र हितों में निर्णय लिया है। इस आदेश से महाविद्यालय में विधि पाठ्यक्रम से पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी। छात्र छात्राओं ने इस उपलब्धि के लिए विधायक डा सीतासरन शर्मा का आभार जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा यह निरंतरता बार कौंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अनुमोदन की प्रत्याशा में विभिन्न शर्तों के अधीन दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसबी सिंह द्वारा 26 अगस्त को जारी आदेश के अनुसार कॉलेज में संचालित एलएलबी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा बीए एलएलबी (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों की संबद्धता निरंतर की गई है।

पुलिस की कार्रवाईःअनिकेत हत्याकांड में साजिश रचने वाले दो फरार आरोपी यूपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुलिस ने 16 जुलाई 2026 को हुए अनिकेत उर्फ पवन भदौरिया हत्याकांड के मामले में कार्रवाई करते हुए, हत्या की साजिश रचने वाले दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

हत्या का कारणः पुलिस की विवेचना में सामने आया है कि मृतक अनिकेत का आरोपी आदित्य कैथवास और आकाश मौर्य के साथ ट्रेन में खाने की सप्लाई को लेकर पुराना विवाद था। इसी विवाद के चलते दोनों ने हत्या का षड्यंत्र रचा था, जिसके चलते पुलिस ने उन्हें धारा 61(2) बीएनएस के तहत आरोपी बनाया। इससे पहले 16 जुलाई को वारदात को अंजाम देने वाले शुभम यादव और हसीब खान को पुलिस 17 जुलाई को ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पुलिस ने षड्यंत्र रचने वाले फरार आरोपी आदित्य उर्फ बिट्टू कैथवास निवासी नाला मोहल्ला और आकाश मौर्य निवासी गांधी नगर को 26 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी-मिर्जापुर हाईवे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार दोनों गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं। आदित्य पर पूर्व से ही हत्या के प्रयास, अड़ीबाजी, बलवा और मारपीट जैसे 5 गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं आकाश पर अवैध हथियार रखने, अड़ीबाजी, शराब बेचने और घर में घुसकर तोड़फोड़ करने समेत कुल 8 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

कतिया समाज करेगा शिक्षक सम्मान समारोह, बैठक में लिया निर्णय

सोहागपुर। कतिया समाज सोहागपुर की मासिक बैठक बुधवार को पलाश कालोनी में निरंजन देव आरसे के घर लखनलाल नागवंशी की अध्यक्षता में की गई। श्री संत भूराभगत जन जागृति समिति ने बैठक की। बैठक में सामाजिक शिक्षक अजय कुमार सुखद पिपरिया के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष लखन नागवंशी के आदेश एवं सर्व सहमति पर तय किया गया कि छह सितंबर 2026 को ब्लॉक स्तर शिक्षक सम्मान समारोह में समाज के कार्यरत व सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान तथा भुजलिया मिलन कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम के लिए निरंजनदेव आरसे अध्यक्ष, नारायण लांझेश कोषाध्यक्ष, श्रवण भन्नारिया एवं मनमोहन चंद्रवंशी सचिव, बलराम बेलवंशी तथा अनिल जागवंशी उपाध्यक्ष, रवींद्र बारिया, सचिन जागवंशी एवं अजय आम्रवंशी मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम, नहीं तो होगा आंदोलन

अभाविप ने महाविद्यालय की बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में किया कलेक्ट्रेट का घेराव, नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को विद्यार्थी हुंकार अभियान के तहत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय से रैली के रूप में निकले विद्यार्थी नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और महाविद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर घंटों प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया था। विद्यार्थियों ने पुलिस की मौजूदगी के बीच अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। अभाविप ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने, पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था करने तथा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। विद्यार्थियों ने छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम और सेनेटरी मशीन, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम व्यवस्थाएं, कक्षाओं में पर्याप्त बेंच-डेस्क एवं बेहतर प्रकाश व्यवस्था, साइकिल व वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था तथा सुचारू इंटरनेट और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। अभाविप ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि निर्धारित अवधि में मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो उच्च शिक्षा विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन में अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र मालवीय, विभाग संयोजक मृदुल नाथ चौहान, जिला संयोजक हरदीप नागपाल, यशवंत दुबे, कुणाल सराठे, नगर मंत्री दिव्याश शर्मा, इशिका मालवीय, यशवंत वर्मा, विवेक पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्राओं ने एसडीएम व बीआरसी को बांधी राखी

सोहागपुर। रक्षाबंधन पर्व गुरुवार को शासकीय स्कूलों में मनाया गया।



इस अवसर पर छात्राओं ने अधिकारियों व शिक्षकों को राखी बांधी। वहीं शासकीय कन्या शाला सेमरी हरचंद में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर की उपस्थिति में रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गया। तथा छात्राओं ने एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, बीआरसी राकेश रघुवंशी, बीएसी मैथिलिशरण पटेल, संस्था प्राचार्य संतोष ठाकुर सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं को राखी बांधी। एसडीएम ने विद्यार्थियों को पर्व की बधाई दी। बच्चों ने भी एसडीएम को अपने बीच पाकर खुशी प्रकट की तथा अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। एसडीएम ने सभी छात्राओं को रक्षाबन्धन के उपहार देते हुए मिठाई वितरित की।



खबर संक्षेप



कब्रिस्तान व मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

खिरकिया। ईद मिलाद उन नबी के मौके पर आल इंडिया पयाम ए इंसानियत एवं नगर परिषद द्वारा स्थानीय कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया। जिसमें विभिन्न प्रजाति के 15 पेड़ लगाए गए। साथ ही कब्रिस्तान के सामने स्थित प्राचीन मढ़ी महादेव मंदिर परिसर में भी वृक्षारोपण कर सामाजिक एकता एवं भाईचारे का परिचय दिया। इस दौरान नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह खनूजा, जमा मस्जिद सदर मो. इस्माइल, हाजी लतीफ खान, सैय्यद साबिर अली, मौलाना कलीम अंसारी, कब्रिस्तान कमेटी सदर शाहरुख मंसूरी, हाजी असलम चौहान, इखलास चौहान, सद्दाम शाह , असीम सांकला, सीएमओ श्री राय, समाजसेवी दिलीप बाबा, तपन पंचोली, नपा कर्मचारी सुरेश सोलंकी, राकेश पाराशर, नितिन शुक्ला सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।

24 घंटों में जिले में 2.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 2.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.5 मि.मी., टिमरनी में 2.3 मि.मी., खिरकिया में 4.6 मि.मी., सिराली में 2.3 मि.मी. तथा रहटगांव में 1.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 638.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 664.2 मि.मी., टिमरनी में 674.3 मि.मी., खिरकिया में 732.4 मि.मी., सिराली में 568.1 तथा रहटगांव में 553.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 27 अगस्त तक 836.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 6 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम कायागांव, देवतालाब, अतरसमा, नहाड़िया, नीमसराय, देवपुर व खेड़ीपुरा में दबिश दी। दबिश के दौरान 11 पाव देशी प्लेन शराब, 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 320 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 35836 रूपये है।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित

सीहोर। जिले खेड़ली स्थित एक्सीलेंस कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ते आत्महत्या के मामलों की रोकथाम करना तथा शिक्षण संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता स्थापित करना था। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक संस्थाओं में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य वातावरण निर्माण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार साहू और डॉ मनोज कुमार शर्मा उपस्थित थे।

कांवड़ यात्रा के संचालन पर कलेक्टर ने दी बधाई

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. ने 25 अगस्त को सीवन नदी घाट से कुबरेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा के सुरक्षित एवं सफल संचालन पर कावड़ यात्रा में तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों और पुलिस बल को बधाई दी। उन्होंने यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं में जुटे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों ने आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। पुलिस बल द्वारा सुरक्षा, यातायात एवं कानून-व्यवस्था की व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संभाला गया।

खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया

युवा देश का भविष्य नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण सहभागी: उइके



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



खेल दिवस के अवसर पर माय भारत हरदा एवं भाऊ साहब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात पी.एम. मोदी के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डीडी उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, एसडीओपी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खेल जगत की हस्तियां, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशभर के युवाओं के साथ सीधे आभासी संवाद से हुई। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और रचनात्मक सोच को देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान में भी राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण सहभागी हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके के साथ उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। युवाओं ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में खेल जगत की विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं भोपाल में पुरस्कृत खिलाड़ी खुशबू खान, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं पुरस्कृत खिलाड़ी मना मण्डलेकर तथा एशियन गेम्स से जुड़े राष्ट्रीय एवं पुरस्कृत मलखंभ खिलाड़ी प्रशांत भलावी ने युवाओं के साथ अपनी खेल यात्रा, संघर्ष एवं सफलता के अनुभव साझा किए। खेल हस्तियों ने युवाओं को निरंतर अभ्यास, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा खेलों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई छात्रा कश्यपी शर्मा ने खिलाड़ियों के लिए ऐसी सतत एवं व्यवस्थित व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया, जिसमें प्रतिभावान खिलाड़ियों की समय पर पहचान हो और उन्हें आगे बढ़ने के लिए निरंतर अवसर एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई छात्रा कृष्णिका अग्रवाल ने विकसित भारत के लिए युवाओं के सशक्तिकरण पर सुझाव देते हुए कहा कि ऐसे मंच विकसित किए जाने चाहिए, जहां स्वयंसेवा को स्किल-बेस्ड अवसरों से जोड़ा जा सके, ताकि युवा सामाजिक सेवा के साथ-साथ उपयोगी कौशल भी अर्जित कर सकें। महाविद्यालय के एनएसएस इकाई छात्र आयुष बौरासी ने शासन एवं प्रशासन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल भाषणों का हिस्सा न बनाकर प्रशासनिक इंटर्नशिप की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे वे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझ सकें। उन्होंने वन कॉलेज, वन विलेज विजन शुरू करने का सुझाव भी दिया, जिसके माध्यम से महाविद्यालय गांवों के साथ जुड़कर वहां के बच्चों एवं युवाओं तक विभिन्न शैक्षणिक एवं विकास संबंधी सुविधाओं की जानकारी पहुंचा सके। एनएसएस इकाई छात्रा सुषमा उइके ने ह्यविकसित भारत में नशामुक्ति-भारत की युवा शक्ति की जिम्मेदारी एवं भागीदारीह्न विषय पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की

केंद्रीय राज्य मंत्री डी.डी. उइके ने पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर जिले में एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने ग्राम कुसिया, तलाई टप्पर, हंडिया नर्मदा पुल, भंवरतलाब एवं करूणा धाम पांईन्ट पर आमजन के यातायात को सुगम बनाने के लिये आवश्यकता अनुसार सर्विस रोड़ अथवा अंडर पास बनाने के लिये कहा। साथ ही उन्होने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग की व्यवस्थाएं इस तरह की हो कि सम्पूर्ण राजमार्ग दुर्घटना मुक्त बन सके। इस दौरान उन्होने हरदा जिले में सड़कों के विस्तार के प्रस्ताव बनाने के लिये भी एनएचएआई के अधिकारियों से कहा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



नर्मदा संवाद का प्रशिक्षण, कार्यशाला संपन्न

नर्मदा संरक्षण, घाट संस्कृति, जैविक खेती, पौधरोपण पर विस्तृत चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला हरदा एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में रेवा सेवा समागम के अंतर्गत नर्मदा संवाद जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत हरदा के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में नर्मदा संरक्षण, घाट संस्कृति, जैविक खेती, पौधरोपण एवं नर्मदा की सहायक नदियों के संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पद्मश्री एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, स्वदेशी विचार मंच हरदा के सत्यनारायण दोगने, विद्या भारती वैदिक विद्यापीठम से सुजीत शर्मा, पर्यावरणविद् गौरी शंकर मुकाती एवं नर्मदा समग्र के राज्य समन्वयक श्री मनोज जोशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री श्री नागर ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में रक्त निरंतर प्रवाहित होता रहता है, उसी प्रकार युगों-युगों तक मां नर्मदा अविरल बहती रहे। उन्होंने कहा कि जितना हमारा तन स्वस्थ रहेगा, उतना ही हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और उसी प्रकार जितनी हमारी नदियां स्वस्थ रहेंगी, उतनी ही हमारी धरती स्वस्थ रहेगी। उन्होंने घाट संस्कृति, घाट संरक्षण, नर्मदा पथ एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों के विषय पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में श्री बादर ने नर्मदा जलग्रहण क्षेत्र में प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने नर्मदा संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए उपस्थित लोगों से नदी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। पर्यावरणविद् श्री मुकाती ने पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। नर्मदा समग्र के राज्य समन्वयक मनोज जोशी ने नर्मदा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण तथा घाट संस्कृति एवं घाट संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नर्मदा को स्वच्छ, अविरल एवं निर्मल बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन दीनबंधु गौर ने किया तथा आभार विकासखंड समन्वयक अनुपम भारद्वाज ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक संदीप गौहर, विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा सहित विभिन्न संतजन, नर्मदा तट से जुड़े नर्मदा भक्त एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन कर केंद्र व राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी खरगोन द्वारा महंगाई के खिलाफ हल्ला बोलते हुए जंगी प्रदर्शन किया गया जिसमें हजारों लोग शामिल हुए और नारों के माध्यम से देश एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार से सवाल करते हुए अतिशय महंगाई को रोकने के लिए ताकत किया यदि समय रहते सरकारी नहीं जागी तो कांग्रेस महंगाई को लेकर और बड़ा आंदोलन करेगी राधावल्लभ मार्केट से शुरू हुई रैली पोस्ट ऑफिस चौराहे से होते हुए श्री कृष्ण टॉकीज चौराहे पर पहुंची जहां मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी भीकनगांव विधायक एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष झूमा सोलंकी भगवानपुर विधायक माननीय केदार सिंह डावर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक द्वारा प्रतीक स्वरूप चाय बना कर चाय से चीनी गायब होने पर सवाल पूछे एवं शक्कर के महंगे दामों को कम करने के लिए चेताया, खाली गैस टंकी रखकर बढ़ते गैस की कीमतों पर विरोध जताया, आज किसान सबसे ज्यादा खाद की किल्लत और खाद के आसमान छूते भाव से परेशान हैं जिला कांग्रेस द्वारा सरकार से तत्काल प्रभाव से खाद के भाव कम करने की मांग की गई इस अवसर पर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी, पार्षद, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य,पंच सरपंच युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, महिला कांग्रेस आदिवासी, अजा कांग्रेस, अल्पसंख्य कांग्रेस, सोशल मीडिया के हजारों साथी उपस्थित रहे।

---

25 अगस्त को कोलवा में परमानंद जाट का शव नाले में पड़ा मिला था

पुलिस का खुलासा, हत्या मामले में 3 आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



धारदार हथियार से व्यक्ति की हत्या का बुधवार को पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल, 25 अगस्त सुबह गांव कोलवा में परमानंद जाट(48) का शव नाले में उलटा पड़ा मिला था। उसके शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान थे। परिजनों ने बताया कि परमानंद सोमवार रात करीब 8 बजे घर से दो लाख रुपए नकद और बाइक लेकर निकला था। वह घर नहीं लौटा।

जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। उसकी बाइक गांव के पास एक खाल के पास खड़ी मिली। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने संदेह के आधार पर कमल अहिरवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद मंगलवार सुबह परमानंद जाट का शव नाले में मिला। एसपी शशांक ने बताया कि आरोपी कमल अहिरवार (निवासी कोलवा) ने मृतक परमानंद जाट को सोने की गिन्नियां (पुराने जमाने के सिक्के) खरीदने का लालच दिया था।

कमल के कहने पर परमानंद दो लाख रुपए लेकर निकला। रात के अंधेरे में एक सुनसान खेत में उसे आरोपी हरिओम (पिता छोटे) और उसका साला अक्षय (पिता छोटे पारदी, दोनों निवासी गुठानिया) मिले। आरोपियों ने परमानंद से रुपए ले लिए और सोने की गिन्नियां देने की बात कही। जब परमानंद को पता चला कि उनके पास कोई गिन्नियां नहीं हैं, तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। इस पर 3 आरोपियों ने धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया और उसकी हत्या कर दी।

शव को घसीटकर खेत के पास के नाले में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को उसी रात गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य दो आरोपियों को रहटगांव से पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि आरोपी अक्षय पारदी रहटगांव में मूंग चोरी के मामले में जेल में बंद था। दो दिन पहले ही जमानत पर छूटा था। ग्रामीणों के अनुसार, हत्या की वारदात में आरोपी कमल का बेटा भी शामिल है। लेकिन उसे अभी तक आरोपी नहीं बनाया गया है।

कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

शासकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं कराने के लिए अभाविप करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा प्रदेशभर में विद्यार्थी हुंकार अभियान के अंतर्गत प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न जिलों में विद्यार्थी कार्यकर्ता एवं छात्र प्रतिनिधि जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपकर शासकीय महाविद्यालयों की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग करेंगे। अभाविप का कहना है कि प्रदेश के अनेक शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाएँ, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, खेल सुविधाएँ, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाएँ, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा तथा प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। अभाविप के प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने कहा कि, ह्यमहाविद्यालयों में पर्याप्त एवं उत्तम सुविधाएँ प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है। परिसर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। प्रत्येक महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ पेयजल, नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय तथा छात्राओं के लिए कॉमन रूम जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिए। विद्यार्थियों को प्रत्येक परिसर में सुरक्षित, स्वच्छ एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण मिले, यह सुनिश्चित करना शासन एवं महाविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। इन मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना और विद्यार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना आवश्यक है।

अभाविप ने कहा कि शिक्षा केवल भवन और कक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना भी शासन एवं महाविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए बार-बार परेशान होना पड़े, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। अभाविप द्वारा जिला कलेक्टरों को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में शासकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, खराब सुविधाओं की तत्काल मरम्मत कराने तथा जिन कार्यों के लिए बजट की आवश्यकता है, उनके लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने की मांग की जाएगी।

अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का 58वां शिवडोला 30 अगस्त को... तीन दिन शेष

सिद्धनाथ महादेव को लगाएंगे मक्खन बड़ा हलवा, भजिए और आलबूड़ा का महाभोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव भादौ वदी दूज रविवार, 30 अगस्त को नगर भ्रमण पर निकलेंगे। नगर के सेवाभावी व्यक्ति, संगठन व संस्थाएं देवाधिदेव महादेव को अनेक प्रकार के व्यंजनों का महाभोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरित करेंगे। प्रमुख रूप से आलूबड़ा, मक्खन बड़ा, केसरिया दूध, बूंदी, हलवा, खोपरा पाक, आलू चिप्स, साबूदाना खिचड़ी, पोहा, पॉपकार्न, भेल, नमकीन छाछ, वेज पुलाव, पापड़, चना मसाला, बिस्कीट, ककड़ी, बर्फ गोला, चाय, पानी, शरबत, जलजीरा, पाइनापल ज्यूस, फल आदि के सेवा मंच सजाए जाएंगे। श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर, सार्वजनिक श्रावण मास उत्सव समिति खरगोन के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया शिवडोला के 58वें वर्ष में सेवा मंच लगाने की होड़ लगी है। शिवडोला मार्ग पर सेवा मंच लगाने के लिए सेवाभावी संगठन, संस्था व व्यक्तियों के 80 से अधिक नाम प्राप्त हुए हैं। समिति सचिव विनीत महाजन ने बताया प्रतिवर्षानुसार बाबा मित्र मंडल बिस्टान नाका द्वारा गायत्री मंदिर तिराहे पर सवा लाख आलूबड़े का सेवा मंच लगाया जाएगा। इसी प्रकार राजेंद्रसिंह राठौर मित्र मंडल एमजी रोड पर थाने के सामने सवा लाख आलूबड़े का वितरण करेगा। श्री रेणुका ग्रुप सीता वल्लभ गेट पर एक लाख 11 हजार 111 आलूबड़ा वितरित करेगा। महाराणा प्रताप चैराहा पर सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज मिर्ची भजिये, पाटीदार दूध डेयरी केसरिया दूध एवं भोले मित्र मंड्ल भेल, बर्फ गोला का सेवा मंच लगाएगा। अल्ट्राटेक सीमेंट व गोयल सरिया परिवार गौरीधाम तिराहे पर साबुदाना खिचड़ी बांटेगा। राणा मित्र मंडल झंडा चैक पर मक्खन बड़े का भोग लगाएगा। श्री ट्रेडर्स मांगरूल रोड तिराहा पर खोपरा पाक बांटेगी। बस स्टैंड पर चंदन-वंदन महाकाल सेवा समिति हलवा एवं महाकाल सेवा समिति खंडवा रोड पर खिचडी बांटेगी।

खाद बीज एसोसिएशन तथा अभिभाषक संघ द्वारा बस स्टैंड पर बूंदी वितरित की जाएगी। नवरत्न मार्बल परिवार सीतावल्लभ गेट पर चना मसाला का सेवा मंच लगाएगा। रिंकूजी मित्र मंडल बिस्टान रोड तिराहा पर पाइनापल ज्यूस बांटेगा। कहार मांझी समाज समिति एसडीओपी ऑफिस के सामने फल वितरित करेगी। श्याम रसोई चलित भंडारा परिवार बस स्टैंड पर वेज पुलाव का सेवा मंच लगाएगा। पीडब्ल्यूडी गेट पर बाणेश्वरी युवा परिषद आलू चिप्स, फिंगर चिप्स, पापकॉर्न का, परफेक्ट परिवार जीरा पापड़ का एवं बच्चा यादव मित्र मंडल मिर्च भजीये का वितरण करेगा। इसी प्रकार सियाराम भक्त मंडल फव्वारा चौक पर फल वितरण करेगा। भारत मित्र मंडल बस स्टैंड पर, संगठना मित्र मंडल टाउन हाल पर, इंजी. नितिन मालवीया मित्र मंडल गुरु नानकदेव चैराहा पर, बच्चा यादव मित्र मंडल पीडब्ल्यूडी गेट पर व राठौर श्री टेंट मुरली मनोहर मंदिर पर मिर्ची भजिये का सेवा मंच लगाएगा।

शिव डोले में फिर गरजेगा दामखेड़ा का वीर बजरंगी अखाड़ा, तलवारों की चमक और लाठियों की खनक से गूंजेगा खरगोन

खरगोन। भादौबदी दूज पर जब नगर अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव नगर भ्रमण पर निकलेंगे, तो उनकी सवारी में सबसे आगे भक्ति और शौर्य की गर्जना करता दिखेगा दामखेड़ा का वीर बजरंगी अखाड़ा। मध्य प्रदेश के सबसे बड़े ऐतिहासिक शिव डोले में इस बार भी अखाड़े के हैरतअंगेज करतब मुख्य आकर्षण रहेंगे। 30 अगस्त रविवार को निकलने वाले इस दिव्य डोले को लेकर दामखेड़ा कॉलोनी में तैयारियां अंतिम दौर में हैं। केसरिया ध्वज, ढोल-नगाड़े और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ 40 से ज्यादा युवा कलाकार अभ्यास में जुटे हैं। वीर बजरंगी अखाड़े की शुरुआत 2011 में भोलेनाथ की एक छोटी सी झांकी से हुई थी। 2012 से यह अखाड़ा लगातार शिव डोले में शामिल हो रहा है। संसाधनों की कमी और कई उतार-चढ़ाव के बाद भी युवाओं ने परंपरा नहीं टूटने दी। यही जज्बा इसे खरगोन का सबसे चर्चित अखाड़ा बनाता है।



नशे से दूर, शस्त्र विद्या से जोड़-यह अखाड़ा केवल प्रदर्शन नहीं, युवा निर्माणशाला है। यहां बच्चों को लाठी, तलवारबाजी, बनेटी और आग के करतब के साथ आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी जाती है। उद्देश्य साफ है - युवाओं को मोबाइल और नशे से दूर कर शारीरिक अनुशासन और सनातन संस्कृति से जोड़ना। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अखाड़े द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। खरगोन ही नहीं, बड़वानी, खंडवा, धार और इंदौर तक के धार्मिक मंचों पर इस अखाड़े के कलाकार अपनी कला दिखाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस पूरे आयोजन का नेतृत्व संरक्षक और अध्यक्ष रजत करोसिया कर रहे हैं। उनके साथ गणेश गौड़, विजय चौहान, करण करोसिया, अमित पाटेकर, आकाश चौहान, लखन राठौड़, विक्की पाटिल, कार्तिक चौहान, प्रिंस करोसिया, हर्ष राजपूत, गोरी परसाई, जतिन वर्मा और आनंद वर्मा की टीम जुटी है।